दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
**THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY LTD.**
पंजीकृत एवं प्रधान कार्यालय : न्यु इन्डिया एश्योरन्स बिल्डिंग, 87, महात्मा गांधी मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001.
**Regd. & Head Office :** New India Assurance Bldg., 87, M.G.Road, Fort, Mumbai - 400 001.
**CIN No. L66000MH1919GOI000526**

Phone : 022-22708100
22708400
Website : www.newindia.co.in

Ref. No.: NIACL/PB/2019-20/Postal Ballot

March 12, 2019

To,

The Manager
Listing Department
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Tower
Dalal Street
Mumbai 400 001

The Manager
Listing Department
The National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, 5th floor, Plot C/1,
G Block, Bandra-Kurla Complex
Mumbai 400 051

Scrip Code: (BSE – 540769/NSE – NIACL)

**Reg: Newspaper Advertisement for Corrigendum to the Postal Ballot Notice**

Dear Sir/Madam,

Further to our letter dated 7th March, 2019, in regard to the Corrigendum to the Postal Ballot Notice, the Corrigendum was published in the Financial Express (in English Language), Loksatta (in Marathi Language) and Jansatta (in Hindi Language) on 7th March, 2019, the copy of which is enclosed.

You are requested to take the same on your record and oblige.

Thanking you.

Yours faithfully,

**For The New India Assurance Company Limited**

**Jayashree Nair**
**Company Secretary & Chief Compliance Officer**

**मौसम**
पूर्वानुमान: नगर में आसमान साफ रहने की संभावना।
तापमान: ▲ 25.1 डिग्री, ▼ 10.1 डिग्री
सूर्योदय: 06:43 सूर्यास्त: 06:25



# शहर में हुड़दंगियों ने गोली मारकर कर दी दोस्त की हत्या

## गोलीबारी में घायल तीन युवक सेक्टर-32 अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक

चंडीगढ़, 6 मार्च (जनसत्ता)।

स्थानीय सेक्टर-49 के एक मकान में मंगलवार देर रात पार्टी कर रहे युवकों के हो-हल्ले की सूचना मिलने पर हालांकि यूटी पुलिस मौके पर पहुंची भी लेकिन उसकी चूक आज बुधवार सुबह तब महंगी पड़ गई जब उनमें से एक युवक की उसके ही दोस्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात में तीन युवकों पंकज, मेघल और आशीष को गंभीरावस्था में सेक्टर-32 के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया जो पीड़ित युवक के दोस्त बताए जाते हैं जबकि जान गंवाने वाला युवक विशाल चिल्लर है जो स्थानीय सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज में इनसो का पूर्व अध्यक्ष था और मूल रूप से हरियाणा में रेवाड़ी का रहने वाला था। उसका हाल ही में हरियाणा पुलिस में बतौर कांस्टेबल चयन हुआ है।



पुलिस का कहना है कि चार हमलावरों की पहचान कर ली गई है जिनमें से एक दोस्त पार्टी में मौजूद था। ये सभी युवक डीएवी कॉलेज के ही पूर्व छात्र हैं और एक घायल युवक का कहना है कि विशाल पर गोली सुदीप ने चलाई थी। कल मंगलवार रात विशाल ने अपनी नौकरी लगने की पार्टी दी थी जिसमें युवक हुड़दंग और मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित और दोनों घायल सेक्टर-49 के मकान नंबर-2813/1 में रहते है जहां यह वारदात हुई। थाने में घायलों के बयान पर हत्यारोपियों पर हत्या, हत्या प्रयास और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उनकी धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए गए पर बुधवार देर शाम तक कोई हाथ नहीं लगा।

पुलिस के मुताबिक उक्त मकान के सामने बतौर पीजी रहने वाली युवतियों का कहना है, 'उस मकान में आए लोग शराब पिये हुए थे और हो-हल्ला मचा रहे थे। गीत-संगीत बेहद ऊंची आवाज में बजाया जा रहा था। वे सब नाचते-गाते एक दूसरे को गालियां दे रहे थे। मुझे लगता है कि उनके किसी पड़ोसी ने पीसीआर को इसकी इत्तेलाह दे दी। इसके बाद रात करीब



12.00 बजे पुलिस वहां आई थी।'

उनके एक अन्य पड़ोसी का कहना है कि इन युवकों को आज सुबह करीब 5.45 बजे छोड़ा गया था। यह चंडीगढ़ पुलिस की घोर लापरवाही है। क्योंकि इसके बाद बेखौफ युवकों का हौसला इतना बुलंद हुआ कि आज सुबह 7.00 बजे फिर सेक्टर 49 के उक्त मकान में पहुंच गए और विशाल से इस पर बहस करने लगे कि उसकी वजह से उन सबको थाने जाना पड़ा। इसी दौरान सबके बीच मारपीट शुरू हो गई तो हत्यारोपियों ने विशाल और उसके कुछ अन्य दोस्तों पर पिस्तौल निकालकर गोलियां चला दीं जिसमें विशाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो दोस्त पंकज व आशीष घायल हो गए। हत्यारोपी तुरंत मौके से फरार हो गए थे।

मौके पर गोलियां चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी तुरंत बाहर निकले और तीसरी बार सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने उन तीनों को सेक्टर-32 के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और कहना है कि गोलियां चलाने वाले जल्द धर लिए जाएंगे।



स्वच्छता सर्वेक्षण

# चंडीगढ़ तीसरे से लुढ़क कर 20वें पायदान पर

चंडीगढ़, 6 मार्च (जनसत्ता)।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 में चंडीगढ़ पिछले साल के मुकाबले देशभर में तीसरे स्थान से लुढ़क कर 20वें पायदान पर पहुंच गया है। पिछले दो महीने में ही शहर को दूसरा बड़ा झटका लगा। पिछले महीने चंडीगढ़ देश भर के स्मार्ट शहरों की सूची में 50वें पायदान से बाहर हो गया और उसे 62वां पायदान हासिल हुआ।

इस बार स्वच्छता में इंदौर देशभर में प्रथम, अंबिकापुर द्वितीय और मैसूर तीसरे स्थान पर रहा है। चंडीगढ़ को तो पहले 10 स्थआनों में भई जगह नहीं मिली जबकि इसके सर्वेसर्वा इस बार इसके प्रथम स्थान पर आने की उम्मीद लगाए हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक शहर को 5000 में से 3787.09 अंक मिले हैं जबति इंदौर को 4659 अंक मिले हैं। स्वच्छता के मामले में 2016 में सिटी ब्यूटीफुल को तीसरा स्थान हासिल हुआ था जबकि 2017 में यह तीसरे पायदान से फिसलकर 11वें पायदान पर पहुंच गया था जबकि इस साल हालत और भी खराब है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे देश के कुल 4237 शहरों की सूची जारी की गई है जिसमें चंडीगढ़ को 20वां स्थान मिला। चंडीगढ़ नगर निगम ने कैपिटल रैंक सिटी में सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट में श्रेष्ठ शहर होने का दावा किया तो उसे 3 स्टार रेटिंग दी गई जबकि चंडीगढ़ शहर को बेस्ट सिटीजन में तीन अवार्ड दिए जाने का दावा किया जा रहा है। इनमें डीएवी कॉलेज में मशरूम प्लांटेशन कंपोस्ट निर्माण शामिल है।

> मैं शहर का मेयर होने के नाते इसकी जिम्मेवारी लेता हूं। कल ही इस संबंध में सभी पार्षदों की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें वह वजह तलाशी जाएगी जिससे शहर की रैंकिग में गिरावट आई है। इस दौरान इसका कोई हल निकाल कर उस दिशा में तुरंत काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **राजेश कालिया**
> मेयर, चंडीगढ़

## पंजाब के दो शहर देश के 100 स्वच्छ शहरों की श्रेणी में शामिल

**लुधियाना:** आज बुधवार को जारी हुई स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्ट में देश के प्रथम 100 स्वच्छ शहरों में पंजाब के भी दो शहर शामिल हैं, इनमें बठिंडा राज्य भर में प्रथम और देश में 31वें रैंक पर और पटियाला राज्य भर में द्वितीय स्थान और देश में 72वें स्थान पर रहा। यही नहीं नवांशहर को नॉर्थ जोन में प्रथम घोषित किया गया है, जबकि पंजाब को राज्य के तौर पर देशभर में छटां स्थान। दिलचस्प यह है कि ये सभी हलके पंजाब के आला राजनेताओं के हैं। इन सभी शहरों की आबादी एक लाख या इससे ज्यादा ही है। बठिंडा हलका केंद्रीय मंत्री हरसिमरत बादल का लोक सभा और पंजाब के वित्त मंत्री मनप्रीत बादल का विधान सभा हलका है। जबकि पटियाला का प्रतिनिधित्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह करते है। इसके साथ ही शिअद के पैट्रन प्रकाश सिंह बादल का हलका मुक्तसर देशभर में 139वें स्थान पर और पंजाब में तीसरे स्थान पर रहा। बठिंडा और पटियाला नगर निगम है, जबकि मुक्तसर नगर परिषद है। नगर परिषदों में मुक्तसर पंजाब में प्रथम रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है जब देश में स्वच्छता की रिपोर्ट में पंजाब के दो शहर आए हो। बठिंडा पिछले साल भी पंजाब में तो प्रथम था लेकिन देश भर में 104वें स्थान पर था। जबकि पटियाला 183वें स्थान पर था। मुक्तसर के उपायुक्त एमके अरविंद कुमार ने कहा, 'मुक्तसर ने अपने रैंकिंग में काफी सुधार किया है। 2018 में यह 365वें स्थान पर था जबकि 2017 में यह 428वें रैंक पर था। यहां पर प्रशासन की कोशिशों के अलावा जनता की सहयोग की भी इस सुधार में काफी योगदान रहा।'



## हरियाणा के चार शहर भी टाप-100 में

**चंडीगढ़:** स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 में हरियाणा के चार शहरों ने भी टाप-100 में जगह बना ली। इनमें करनाल पूर्व में 41वें पायदान से 24वें पायदान पर पहुंच गया, जबकि रोहतक भी 89वें स्थान से 69वें स्थान पर जा पहुंचा। पंचकूला में भी स्वच्छता बेहतर हुई है। जहां सर्वेक्षण में यह 142वें पायदान से 71वें स्थान पर पहुंच गया। इसी तरह गुरुग्राम भी इस बार 83वें स्थान पर पहुंच गया है, जो पिछले साल 105वीं पायदान पर था। इनके अलावा निकटवर्ती अंबाला नगर निगम 159वें स्थान से 146वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पानीपत 255वें स्थान से 188वें स्थान पर पहुंच गया।

NEW INDIA ASSURANCE
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd
नोंदणी. आणि मुख्य कार्यालय : ८७, एम. जी. रोड, फोर्ट, मुंबई-४०० ००१
सीआयएन क्र.: एल६६०००एमएच१९१९जीओआय०००५२६, आयआरडीए नोंदणी क्र.: १९०
दूर. क्र. : +९१ २२ २२७०८२६३; फॅक्स : +९१ २२ २२६५२८११
ई-मेल : investors@newindia.co.in; संकेतस्थळ : www.newindia.co.in

**टपाली मतदान सूचनेचे शुद्धिपत्रक**

आमच्या टपाली मतदान सूचना दिनांकित फेब्रुवारी ६, २०१९ च्या संदर्भात पुढे असे कळविण्यात येते की, टपाली मतदानामध्ये श्री. हेमंत जी. रोकडे यांच्या नावाचा उल्लेख अनवधानाने झाला आहे. ठरावामधून त्यांचे नाव काढून टाकण्यात आल्याचे समजावे.
उपरोक्त नमूद करण्यात आल्याशिवाय टपाली मतदान सूचनेमध्ये अन्य कोणताही बदल करण्यात आलेला नाही.

दि न्यू इंडिया अॅश्युरन्स कं. लि. करिता
सही/-
जयश्री नायर
कंपनी सचिव

दिनांक : ०६ मार्च २०१९
ठिकाण : मुंबई, भारत

# संक्षेप

### संदिग्ध हालात में बच्चे की मौत

**अंबाला:** साथ लगते मुलाणा कस्बे में आज बुधवार एक पांच वर्षीय बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। हालांकि, अभी तक मौत की वजह का पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएम मेडिकल कालेज भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आज सुबह पीड़ित बच्चा रोज की तरह स्कूल गया, जहां दोपहर बाद अचानक से उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### पुलवामा शहीदों के लिए मदद दी

**चंडीगढ़:** गत 14 फरवरी को हुए पुलवामा हमले में शहीद जवानों के परिजनों के लिए बीबीएमबी ने 1,28,50,000 रुपए का अंशदान दिया। बीबीएमबी के अध्यक्ष डीके शर्मा द्वारा भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड के कर्मचारियों की ओर से 'भारत के वीर' के पक्ष में पुलवामा में शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए सद्भावना संकेत के रूप में इस अंशदान का चैक भारत सरकार विद्युत राज्य मंत्री राज कुमार को सौंपा गया। मौके पर भारत सरकार विद्युत मंत्रालय सचिव, आइएएस अजय कुमार भल्ला और बीबीएमबी सचिव तरूण अग्रवाल भी मौजूद थे।

### नवीन सोच के लिए एमसीएम पुरस्कृत

**चंडीगढ़:** सिटी ब्यूटीफुल को पहचान दिलाने और अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ने की दिशा में एमसीएम डीएवी कालेज ने पूरे देश में 'बेस्ट सिटीजन लेड इनोवेशन्स' केटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसकी घोषणा स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के तहत दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सिटी अवार्ड्स के दौरान हुई। केंद्रीय गृह एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा यह अवार्ड, इस्तेमाल की हुई प्लास्टिक की बोतलों में कृषि एवं रसोई में व्यर्थ जाने वाली वस्तुओं से आयस्टर मशरूमों के उत्पादन की पहल के लिए दिया गया।

### भाजपा में मंथन और बैठकें शुरू

**चंडीगढ़:** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भाजपा में मंथन के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। संभावित प्रत्याशियों का पैनल तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने चुनाव प्रभारी कलराज मिश्र और प्रभारी अनिल जैन से मुलाकात की। अब पार्टी द्वारा संगठन को चुनावी मोड में लाने की मंशा से 9 मार्च को रोहतक में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है। लोकसभा चुनाव घोषित होने की संभावनाओं के चलते सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारी में जुटे हैं। और सत्तारूढ़ भाजपा ने भी प्रत्याशियों के चयन की रूपरेखा बनानी शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने आज दिल्ली में चुनाव प्रभारी कलराज मिश्र व अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर हर एक लोकसभा सीट पर संभावित प्रत्याशियों के बारे में चर्चा की। करीब पांच घंटे चली बैठक में अब तक मिले फीडबैक के आधार पर मौजूदा सांसदों की कार्यप्रणाली और प्रदर्शन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष अमित शाही की चुनावी रैलियों के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक के बाद सुभाष बराला ने बताया कि बैठक में संभावित प्रत्याशियों व टिकट के दावेदारों के नाम पर चर्चा हुई। उनके दावों के आधार पर फील्ड से फीडबैक लिया जा रहा है।

# पंजाब में नियमित हुए अनुबंध शिक्षक

चंडीगढ़, 6 मार्च (एजंसी)।

पंजाब में अनुबंध शिक्षकों की अरसे से लंबित मांग पर गौर करते हुए आज बुधवार पंजाब मंत्रिमंडल ने 5178 शिक्षकों को पूर्ण वेतन मान सहित नियमित कर दिया है। इसके अलावा स्वास्थय विभाग में 650 नर्सों को भी संबंधित नियमों के तहत नियमित किया गया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि इन 5178 शिक्षकों में से 5078 को शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2014, 2015 और 2016 में मास्टर कार्डर और 100 को क्लासिकल व वर्नाकुलर शिक्षकों के रूप में भर्ती किया गया था। कहा गया कि अब इन सभी शिक्षकों को अक्तूबर 2019 से पूरा वेतन मान दिया जाएगा। और तो और मंत्रिमंडल ने इन शिक्षकों की प्रोबेशन अबधि को तीन साल से घटाकर दो साल कर दिया है।

आज मंत्रिमंडल ने इंप्लाइज कॉपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों के लिए आरक्षित मुल्य पर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और स्थानीय शहरी निकायों द्वारा भू-आवंटन को भी मंजूरी दे दी। इसके तहत इन इकाइयों द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए तीन फीसदी आवासीय प्लॉटों को आरक्षित करना मंजूर कर दिया है। इसके साथ ही कर्मचारियों की अरसे से लंबित मांग पूरी हो गई है। आधिकारिक बयान में बताया गया है कि अब से ईंटों के किसी भी नए भट्टे को ड्राफ्ट टेक्नोलॉजी अपनाए बिना स्थापित करने की अनुमति नहीं होगी। इसके तहत नई तकनीक के लागू होने तक एक फरवरी से प्रभावी पर्यावरणीय मुआवजा पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को अदा करना होगा। इस मुआवजे की दर 30,000 ईंट रोजाना से ज्यादा क्षमता वाले भट्टों के लिए 25,000 रुपए प्रति माह और इससे कम क्षमता वाले भट्टों के लिए 20,000 रुपए प्रति माह निर्धारित की गई है।

पंजाब भर में करीब 2800 भट्टे चल रहे है, जहां करीब 15-20 बिलीयन ईंटें बनती है।

# हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा शुरू

चंडीगढ़, 6 मार्च (जनसत्ता)।

हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश में सात मार्च से शुरू होने जा रही सालाना परीक्षाओं की तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षाओं के नकल रहित संचालन के लिए इस बार एक बार फिर से बोर्ड ने पुख्ता प्रबंधों का दावा किया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉण् जगबीर सिंह ने कहा कि बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं सात मार्च से शुरू हो रही हैं। सात मार्च को बारहवीं और आठ मार्च से दसवीं की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं एक ही साथ एक ही सत्र में दोपहर साढ़े बारह बजे से साढ़े तीन बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में कुल 765549 परीक्षार्थी कुल 1738 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। खास बात यह है कि पचास केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित की जाएगी। वहीं सूबे में 182 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील व अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं।

**राइट्स लिमिटेड**
RITES
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सेक्टर - 29, गुड़गांव - 122001

निम्नलिखित पद / स्थितियों के लिए योग्य पेशेवरों की आवश्यकता है :

| रिक्ति सं. | पद | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| रिक्ति सं. 06/19 – 11/19 नियमित के आधार पर | | |
| 06/19 | अतिरिक्त महाप्रबंधक (मैकेनिकल) | 1 |
| 07/19 | संयुक्त महाप्रबंधक (मैकेनिकल) | 1 |
| 08/19 | ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (सिविल इंजीनियरिंग) | 24 |
| 09/19 | ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) | 8 |
| 10/19 | ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) | 2 |
| 11/19 | ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (सिग्नल और दूरसंचार) | 6 |
| रिक्ति सं. 12/19 – 20/19 वेतनमान अनुबंध के आधार पर | | |
| 12/19 | जेजीएम (सिविल) | बाद में सूचित किया जाएगा |
| 13/19 | जेजीएम (वास्तुशिल्प) | |
| 14/19 | जेजीएम (सिस्टम) | |
| 15/19 | जेजीएम (सिस्टम) | |
| 16/19 | प्रबंधक (सिविल) | |
| 17/19 | प्रबंधक (सिस्टम) | |
| 18/19 | मैनेजर (एस एंड टी) | |
| 19/19 | सहायक प्रबंधक (सिविल) | |
| 20/19 | सहायक प्रबंधक (एस एंड टी) | |
| 21/19 | सहायक प्रबंधक (एस एंड टी) नियमित आधार पर | 9 |
| 22/19 | वेतनमान में संविदा के आधार पर इंजीनियर (एस एंड टी) | 6 |
| 23/19 | इंजीनियर (एस एंड टी) अनुबंध के आधार पर | 4 |
| 24/19 | परियोजना प्रबंधक (कॉर्पोरेट ईएसीएस) अनुबंध के आधार पर | 1 |

उम्मीदवार पद, वेतनमान, योग्यता, आयु, तिथि एवं स्थान, चयन प्रक्रिया आदि से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए, राईट्स की वेबसाइट www.rites.com के कैरियर सेक्शन के अंतर्गत पोस्ट किए गए विस्तृत विज्ञापन देखें।

# समझौता एक्सप्रेस बम धमाके में 11 मार्च को फैसला

चंडीगढ़, 6 मार्च (जनसत्ता)।

करीब 12 साल पहले पानीपत में हुए समझौता एक्सप्रेस बम धमाके में अब जल्दी ही फैसला आने वाला है। राष्ट्रीय जांच एजंसी की पंचकूला अदालत में इस मामले को लेकर बहस पूरी हो चुकी है अब 11 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

भारत की तत्कालीन वाजपेयी सरकार के कार्यकाल के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता एक्सप्रेस रेलगाड़ी शुरू की गई थी। वर्ष 2001 में संसद पर हुए हमले के बाद इस ट्रेन को बंद कर दिया गया था। जिसे जनवरी 2004 में फिर से बहाल किया गया था। 18 फरवरी, 2007 को इस ट्रेन में पानीपत के निकट धमाके हुए थे। इन बम धमाकों में 68 व्यक्तियों की मौत हुई थी और 12 लोग घायल हुए थे। हादसा रेलगाड़ी के दिल्ली से लाहौर जाते समय हुआ था। हादसे के मृतकों में ज्यादातर पाकिस्तानी नागरिक थे।

जिस समय यह धमाका हुआ उसके दो दिन बाद पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री खुर्शीद अहमद कसूरी भारत आने वाले थे। घटना की दोनों मुलकों में कड़ी निंदा हुई, लेकिन इस कारण कसूरी का भारत दौरा रद्द नहीं हुआ। भारत सरकार ने दिल्ली से सात पाकिस्तानी घायलों को ले जाने के लिए पाकिस्तानी वायु सेना के विमान को आने की आज्ञा भी दी। हादसे में मारे गए 68 लोगों में 16 बच्चे व चार रेलवे कर्मी भी शामिल थे।

15 मार्च 2007 को हरियाणा पुलिस ने इंदौर से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। यह इन धमाकों के सिलसिले में की गई पहली गिरफ्तारी थी। बाद में इसी तर्ज पर हैदराबाद की मक्का मस्जिद, अजमेर दरगाह और मालेगांव में भी धमाके हुए और इन सभी मामलों के तार आपस में जुड़ते चले गए। समझौता मामले की जांच में हरियाणा पुलिस और महाराष्ट्र के एटीएस को एक हिंदू कट्टरपंथी संगठन के शामिल होने के संकेत मिले थे।

# गठबंधन के विकल्प के साथ आप की चुनाव तैयारी शुरू

चंडीगढ़, 6 मार्च (जनसत्ता)।

हरियाणा में जननायक जनता पार्टी- जजपा से गठबंधन की अटकलों के बीच आम आदमी पार्टी- आप ने अपने बूते लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं, और इसकी टिकट के चाहवानों से आवेदन मांगे गए हैं। आज यहां बुधवार चंडीगढ़ में पत्रकारों से चर्चा में पार्टी के हरियाणा अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने कहा कि पार्टी द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के चाहवानों से आवेदन मांगे गए हैं, जिनमें दावेदारों को अपना विवरण तथा पार्टी में कामकाज का ब्यौरा देना है।

आवेदन पत्र अगले एक सप्ताह तक आ जाएंगे। उसके बाद पार्टी द्वारा गठित तीन सदस्यों की कमेटी विचार-विमर्श के बाद इसे आलाकमान को भेजेगी, जहां से सहमति के बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने के चाहवान को 5000 जबकि विधानसभा चुनाव लड़ने के चाहवान को अपने हलके से 1000 लोगों के हस्ताक्षर कराकर आवेदन करना होगा। आप द्वारा इस चुनाव में पूर्व सैनिकों, युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जयहिंद ने हरियाणा सरकार द्वारा पंजाब भूमि संरक्षण कानून- पीएलपीए में संशोधन करने को प्रदेश के लिए दुर्भागयपूर्ण करार देते हुए कहा कि सरकार ने अपने दो चहेतों यानी एक राज्य मंत्र व एक केंद्रीय मंत्री के अलावा बिल्डरों व खनन माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए ये सब किया।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**भारत का सबसे बड़ा और सबसे विश्वसनीय जीवन बीमाकर्ता**
**भारतीय जीवन बीमा निगम**

उत्साही और गतिशील युवा स्नातकों से सहायक प्रशासनिक अधिकारी (AAO) (जनरल और विशेषज्ञ) पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है
कुल रिक्तियों की संख्या: 590
(सामान्य/सूचना प्रौद्योगिकी/एक्चुरियल/चार्टर्ड अकाउंटेंट/राजभाषा)

चयनित उम्मीदवारों के पास, देश के सबसे बड़े जीवन बीमाकर्ता और सबसे मजबूत वित्तीय संस्थानों में से एक, के साथ विकास और सीखने के लिए अद्वितीय अवसर होंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम विपणन, वित्त, जोखिम अंकन, बीमांकन, ग्राहक संबंध, निवेश, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे अनेकों क्षेत्रों में काम करने का शानदार अवसर प्रदान करता है।
वेतन और अनुलाभ सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे अच्छे वित्तीय संस्थानों के समतुल्य हैं।
कार्यक्रम की अनुसूची निम्नानुसार होगी:

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण/ शुल्क का भुगतान | 02.03.2019 to 22.03.2019 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की संभावित तारीख | 4 और 5 मई 2019 |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की संभावित तिथि | 28 जून 2019 |

विस्तृत रोजगार अधिसूचना "करियर" के तहत हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर रखी गई है।
दिनांक: 07.03.2019
कार्यकारी निदेशक (कार्मिक)

# युवक ने पुलिस पर लगाए आरोप

चंडीगढ़, 6 मार्च (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ के ईस्ट जोन थाना क्षेत्र में एक युवक के जहर निगलने के बाद सेक्टर-32 अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती मोटर मकेनिक के सुसाइड नोट के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सेक्टर-28 मोटर मार्केट में एसी रिपेयर करने वाले एक 22 वर्षीय सिख युवक ने जोन के थाना प्रभारी और एक सब-इंस्पेक्टर पर मारपीट करने और उसके मुंह पर पेशाब उंड़ेलने जैसे बेहद संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस की बर्बरता से तंग गुरदीप सिंह ने आज बुधवार सुसाइट नोट लिखा और जहरीला पदार्थ निगलकर खुदखुशी का प्रयास किया। घटना के तुरंत बाद गुरदीप को सेक्टर-32 के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

गुरदीप के परिजनों का आरोप है कि उसने जहरीला पदार्थ निगलने से पहले सुसाइड नोट लिखा था जिसे थाना पुलिस उनसे छीन लिया लेकिन उन्होंने सुसाइड नोट की एक फोटो खींच रखी है, जिसमें गुरदीप थाना प्रभारी, एक सब इंस्पेक्टर और एक प्रधान के खिलाफ उसे नशे के मामले में फंसाने की धमकी देते हुए पिछले पांच-छह महीने से तंग करते आ रहे हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी थी और फिर मारपीट के बाद यह हरकत की।

# मुंबई को मिला धीरूभाई अंबानी स्क्वायर

**चंडीगढ़:** मुंबई शहर के प्रति अपने सम्मान और प्यार के प्रतीक के तौर पर नीता और मुकेश अंबानी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने आज 20 मिलियन मुंबई वासियों को एक नया और गौरवशाली आइकन- 'धीरूभाई अंबानी स्क्वायर' समर्पित किया। यह स्क्वायर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के सामने स्थित है। धीरूभाई अंबानी स्क्वायर जियो वर्ल्ड सेंटर का हिस्सा है, जो एक विश्वस्तरीय, बहु-उपयोगी सुविधा है, जो कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एमएमआरडीए (मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी) का एक साझा लक्ष्य है।

**HIMACHAL PRADESH**
**IRRIGATION-CUM-PH DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDER**

The Executive Engineer IPH Division Indora invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works through off line process.

| Sr. No. | Description of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time Limit | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of source of LWSS Ulehrian Teora, Basantpur Gagwal, Barota & Thakurdwara in Tehsil Indora.(SH: Laying, Jointing of Rising Main 80mm dia (M) class) T/well to Main tank ) RD 0/0 to 2500 mtr. | 473516/- | 9500/- | One Month | 250/- |
| 2. | Providing LWSS to Harizen Basti of village Tibbi and Tanda in Tehsil Indora distt. Kangra HP. (SH: Providing, Laying, Jointing of Rising main 80mm dia duly flanged ). | 365942/- | 7350/- | 3 Months | 250/- |

1. Last Date of Submission of Tender 14.03.2019 upto 11.00 A.M.
2. Last Date of Sale of Tender from Divisional Office 13.03.2019 upto 4.00 P.M.
3. Date of Submission in Tender Box 14.03.2019 upto 11.00 A.M. will be opened on the same day 11.30 A.M.

5182/HP
--HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK--

# मुंबईत १७ मार्चला 'व्हिंटेज कार रॅली'

ई : 'वेस्टर्न इंडिया टोमोबाइल असोसिएशन' तथा ब्ल्यूआयएए'ला शंभर वर्षं होत पून त्यानिमित्त मुंबईत वार्षिक इंटेज कार रॅली' आयोजित ण्यात आली आहे.
ही रॅली १७ मार्चला होणार पून व्हिंटेज अ‍ॅण्ड क्लासिक र फेडरेशन ऑफ इंडियाने 'सोफिटेल' आणि 'ओंकार १९७३' यांच्या सहयोगाने आयोजित केली आहे.

या रॅलीमध्ये १९०३ सालापासूनच्या दुर्मीळ गाड्या पाहायला मिळणार आहेत. त्यात सहभागी होण्यासाठी १४ मार्चपर्यंत 'डब्ल्यूआयएए'च्या कार्यालयात प्रवेशिका भरणे आवश्यक आहे.

NEW INDIA ASSURANCE
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

नोंदणी. आणि मुख्य कार्यालय : ८७, एम. जी. रोड, फोर्ट, मुंबई-४०० ००१
आयएन क्र.: एल६६०००एमएच१९१९जीओआय०००५२६, आयआरडीए नोंदणी क्र.: १९०
दूर. क्र. : +९१ २२ २२७०८२६३; फॅक्स : +९१ २२ २२६५२८११
ई-मेल : investors@newindia.co.in; संकेतस्थळ : www.newindia.co.in

## टपाली मतदान सूचनेचे शुद्धिपत्रक

मच्या टपाली मतदान सूचना दिनांकित फेब्रुवारी ६, २०१९ च्या दर्भात पुढे असे कळविण्यात येते की, टपाली मतदानामध्ये श्री. हेमंत . रोकडे यांच्या नावाचा उल्लेख अनवधानाने झाला आहे.
नावामधून त्यांचे नाव काढून टाकण्यात आल्याचे समजावे.
रोक्त नमूद करण्यात आल्याशिवाय टपाली मतदान सूचनेमध्ये अन्य णताही बदल करण्यात आलेला नाही.

दि न्यू इंडिया अ‍ॅश्युरन्स कं. लि. करिता
सही/-
जयश्री नायर
कंपनी सचिव

ांक : ०६ मार्च २०१९
ठाण : मुंबई, भारत

पश्चिम रेल्वे तर्फे
वांद्रे (ट.)-भगत की कोठी दरम्यान
द्वि-साप्ताहिक विशेष गाडी

वांद्रे (ट.) ⇌ भगत की कोठी

| गाडी क्र. | प्रस्थान | आगमन | सेवाचे दिनांक |
|---|---|---|---|
| ०४८१८ | वांद्रे (ट.) १३.०५ वाजता (सोम आणि गुरु) | भगत की कोठी ०८.२० वाजता (मंगळ आणि शुक्र) | ७,११,१४,१८,२१, २५,२८ मार्च आणि १ एप्रिल, २०१९ |
| ०४८१७ | भगत की कोठी १५.०० वाजता (रवि आणि बुध) | वांद्रे (ट.) ११.४५ वाजता (सोम आणि गुरु) | १०,१३,१७,२०, २४,२७ आणि ३१ मार्च, २०१९ |

थांबे : बोरीवली, वापी, सुरत, भरूच, वडोदरा, अहमदाबाद, महेसाणा, भीलड़ी जं., धनेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोडरन, जालोर, मोकलसर आणि समदड़ी जं. स्थानक.

संरचना : एसी II टियर, एसी III टियर, स्लीपर क्लास आणि द्वितीय श्रेणीचे सामान्य डबे. १५ फेऱ्या

गाडी क्र. ०४८१८ चे आरक्षण सर्व प्रवासी आरक्षण केंद्रे आणि आयआरसीटीसीच्या वेबसाइट वर सुरू झाले आहे.

विशेष गाडी
विशेष प्रवास भाडे

आम्हाला लाइक करा: facebook.com/WesternRly
आम्हाला फॉलो करा: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेल्वे
www.wr.indianrailways.gov.in

कृपया सर्व आरक्षित तिकिटांवर प्रवासादरम्यान विहीत आयडी पुरावा जवळ ठेवा.

